(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
**न्यू महाराणा I.T.I.**
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 जून 2026




इस तरह बनेगा वृद्धाश्रम।

मुख्यमंत्री ने 134 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की दी सौगात, वृद्धों और दिव्यांगजनों के लिए दो बड़े केंद्रों का शिलान्यास

# सुशासन, विकास और जनकल्याण हमारी सरकार की पहचान : साय



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 4 जून को सुशासन तिहार के अंतर्गत हेमूनगर में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 134 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान 80 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य केवल सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक आवास की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने एसईसीएल के सीएसआर मद से 22.65 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 200 सीटर बहुउद्देशीय वृद्धाश्रम भवन का शिलान्यास किया। इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राकृतिक ⏭ शेष 5 पर

### सुशासन सीएम साय की दूरदर्शी सोच का परिणाम : तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि सुशासन तिहार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। जनता की भलाई के लिए किए गए कार्य ही वास्तविक सुशासन हैं। उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट विस्तार, रेलवे अधोसंरचना विकास तथा अरपा परियोजना के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

### सुशासन सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का सशक्त माध्यम : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का सशक्त माध्यम है। समाधान शिविरों में उमड़ रही भीड़ सरकार के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने 134 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के लिए जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सीटी स्कैन मशीन लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से स्थापित अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का भी लोकार्पण किया। इस मशीन के माध्यम से मस्तिष्क, हृदय एवं अन्य जटिल बीमारियों की जांच स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगी। इससे मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और अधिक प्रभावी बनेंगी। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत अब तक 27 जिलों का दौरा किया जा चुका है। सरकार सीधे जनता के बीच पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रही है और लोगों से फीडबैक ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा रही है। वहीं ई-डिस्ट्रिक्ट के तहत 400 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। आमजनों की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सुविधा भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

### मुख्यमंत्री की घोषणा

मुख्यमंत्री ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की मांग पर बेलतरा महाविद्यालय का नामकरण स्वर्गीय सखाराम सूर्यवंशी के नाम पर किए जाने की घोषणा की। साथ ही बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के निगम क्षेत्र में पांच मंगल भवनों के निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम के सभापति विनोद सोनी, पी दयानंद एवं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बसंल, संभागायुक्त सुनील जैन, आई जी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## लगातार चुनाव हारकर बौखला गई है कांग्रेस : सीएम

### उपचुनाव में तीन नपं में जीत पर जताई खुशी

सुशासन तिहार के दौरे पर गुरुवार को बिलासपुर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि लगातार चुनाव हारने के बाद कांग्रेस बौखला गई है, कांग्रेस के भीतर ही सिर फुटव्वल चल रही है। उन्होंने ने नगरीय निकाय उपचुनाव में तीन नगर पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष व पार्षद की जीत पर खुशी जाहिर की है।

बिलासपुर में सुशासन शिविर के बाद कलेक्टोरेट में रात में रिव्यू मिटिंग पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि नगरीय निकाय उपचुनाव तहत 1 जून को मतदान हुआ था, जिसका आज 4 जून को मतगणना पश्चात परिणाम आया है। इसमें छत्तीसगढ़ के पांच नगर पंचायतों में उपचुनाव हुए थे, जिसमें से तीन नगर पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष व पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। इसके लिए उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए इसे भाजपा के मंत्री, विधायक, सांसद और कार्यकर्ताओं की मेहनत बताया है। बिलासपुर में एनएसयूआई के घेराव आंदोलन दौरान लाठीचार्ज के प्रश्न पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि कांग्रेस लगातार चुनाव हारते जा रही है, जिससे कांग्रेस बौखला गई है और कांग्रेस भीतर ही सिर फुटव्वल हो रही है। उनका कहना है कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, यह पार्टी मुद्दाविहीन हो गई है। सुशासन तिहार को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई से शुरू हुआ यह अभियान 40 दिनों तक चलेगा। इस दौरान मंत्री, विधायक से लेकर अफसर सब 45-46 डिग्री में फील्ड में जा रहे हैं और सरकार की योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं। यह देखा जा रहा है कि सरकार की योजना कहां-कहां तक पहुंची है, राशन मिल रहा है कि नहीं, पेयजल, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है कि नहीं तथा समाधान शिविर में उनका निराकरण भी किया जा रहा है। इसके पहले अप्रैल माह में सभी कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए थे, अब राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दिशा में भी काम हो रहा है।



## नालंदा परिसर का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

सुशासन तिहार के अंतर्गत बिलासपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहर के मधुबन-जूना बिलासपुर क्षेत्र में आकार ले रहे नालंदा परिसर एवं एजुकेशन हब का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर इसकी प्रगति की जानकारी ली। जिले को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाली यह महत्वाकांक्षी परियोजना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, विशेष सचिव रजत बंसल, संभागायुक्त सुनील जैन, आई जी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह अन्य , मोहित जायसवाल, दीपक सिंह उपस्थित थे। गौरतलब है कि बिलासपुर में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी सीजीपीएससी, यूपीएससी, नीट, जेईई, एसएससी, व्यापम, बैंकिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ⏭ शेष 5 पर



## मुख्यमंत्री साय ने जारी की महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 जून को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 68 लाख 54 हजार महिलाओं के बैंक खातों में 642 करोड़ 27 लाख 77 हजार 950 रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा महतारी वंदन योजना इस दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल के रूप में सामने आई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसी भी समाज और राज्य की प्रगति तब तक पूर्ण नहीं हो सकती, जब तक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से सम्मानित न किया जाए। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश की माताओं और बहनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का आधार बन रही है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। योजना से प्राप्त राशि का उपयोग महिलाएं परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण तथा छोटे-छोटे स्वरोजगार कार्यों में कर रही हैं। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ महिलाओं की सामाजिक भागीदारी भी बढ़ी है। जून 2026 में जारी 28वीं किस्त के साथ ही योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश की महिलाओं को कुल 18 हजार 165 करोड़ 19 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। यह राशि महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के अनुरूप सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर और नारायणपुर में संचालित नियद नेल्लानार ⏭ शेष 5 पर




PRE-PRIMARY combo ₹499/-

| Items | SRP | MRP |
|---|---|---|
| Bag pack | ₹ 299/- | ₹ 499/- |
| Lunch Box | ₹ 100/- | ₹ 160/- |
| Water Bottle | ₹ 65/- | ₹ 185/- |
| Pencil Box | ₹ 35/- | ₹ 100/- |
| Total Spend | ₹ 499/- | ₹ 944/- |

Save ₹ 446/-

PRIMARY combo ₹999/-

| Items | SRP | MRP |
|---|---|---|
| Bag pack | ₹ 615/- | ₹1210/- |
| Lunch Box | ₹ 215/- | ₹ 352/- |
| Water Bottle | ₹ 110/- | ₹ 325/- |
| Pencil Box | ₹ 59/- | ₹ 100/- |
| Total Spend | ₹ 999/- | ₹1987/- |

Save ₹ 988/-

SECONDARY combo ₹1499/-

| Items | SRP | MRP |
|---|---|---|
| Bag pack | ₹ 945/- | ₹ 1999/- |
| Lunch Box | ₹ 299/- | ₹ 486/- |
| Water Bottle | ₹ 109/- | ₹ 180/- |
| Pencil Box | ₹ 65/- | ₹ 190/- |
| Geometry Box | ₹ 81/- | ₹ 90/- |
| Total Spend | ₹1499/- | ₹2945/- |

Save ₹1446/-

HIGH-SCHOOL / COLLEGE combo ₹1999/-

| Items | SRP | MRP |
|---|---|---|
| Bag pack | ₹ 1099/- | ₹2240/- |
| Lunch Box | ₹ 285/- | ₹ 407/- |
| Water Bottle | ₹ 336/- | ₹ 499/- |
| Pencil Box | ₹ 99/- | ₹ 168/- |
| Geometry Box | ₹ 180/- | ₹ 200/- |
| Total Spend | ₹1999/- | ₹ 3514/- |

Save ₹ 1515/-

*condition apply

बेहतरीन कलेक्शन, भरोसेमंद क्वालिटी
खुशियाँ भरी शॉपिंग

आइए... और अपने परिवार के लिये चुनें सबसे अच्छा!

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com








# विकास के नये आयाम गढ़ता बेलतरा

## बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगर पालिक निगम बिलासपुर जोन क्रं. 07



# भूमि पूजन

**दिनांक 5 जून 2026 (शुक्रवार) सुबह 11 बजे**

**स्थान : दयानंद सेवा धाम भवन, अशोक नगर, बिलासपुर**

आप सभी सादर आमंत्रित हैं...

**सुशांत शुक्ला**
विधायक बेलतरा विधानसभा

| कार्य का नाम | लागत |
|---|---|
| वार्ड क्र. 48 रायल टाउन में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 34.51 |
| वार्ड क्र. 48 चन्द्रा के घर से डा ए के सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण | 7.70 |
| वार्ड क्र. 48 में डा. चंदेल के घर से अब्दुल माजिद के घर तक गली नं. 08 सीसी रोड निर्माण कार्य | 14.00 |
| वार्ड क्र. 48 बद्री साहू के घ्झार से राजेश साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 15.12 |
| वार्ड क्र. 48 सूर्यवंशी के घर से डा. ए. के. सिंह के घर तक आरसीसी नाली निर्माण | 5.86 |
| वार्ड क्र. 48 चंन्द्रा जी के घर से डा. ए.के. सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 5.80 |
| वार्ड क्र. 48 गुलाब नगर में तुलेश्वर मरकाम के घर से ट्रांसफार्मर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 8.96 |
| वार्ड क्र. 49 दैहानपारा बहतराई यादव के घर से मानिकपुरी के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 18.29 |
| वार्ड क्र. 49 संतोमा यादव के घर से गंधर्व के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 3.11 |
| वार्ड क्र. 50 ओम विहार में सीसी रोड निर्माण कार्य | 10.65 |
| वार्ड क्र. 50 पटवारी प्रशिक्षण केंद्र चांटीडीह स्थित गोदाम सह राशन दुकान में मरम्मत एवं शौचालय निर्माण कार्य | 8.10 |
| वार्ड क्र. 50 हनुमान/शिव मंदिर के पास सांस्कृतिक भवन में शेड निर्माण पेवर ब्लॉक लगाने एवं अन्य कार्य | 4.50 |
| वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर चंदन आवास 04 में नाली निर्माण | 4.04 |
| वार्ड क्र. 51 शिवम सिटी से सूरज विश्वकर्मा के दुकान तक सीसी रोड निर्माण | 9.69 |
| वार्ड क्र. 51 संजय तम्बोली के घर से बडे नाला तक नाली निर्माण | 8.02 |
| वार्ड क्र. 51 प्राथमिक शाला चंदन आवास के सामने एवं देविका विहार में नाली निर्माण कार्य | 10.46 |
| वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे गार्डन में पाथवे, एवं ओपन जिम निर्माण | 15.00 |
| वार्ड क्र. 51 तुलसी आवास ब्लाक नं. 01 से ब्लाक नं 05 तक नाली निर्माण कार्य | 17.18 |
| वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर तुलसी आवास 02, 03 एवं 06 व अन्य स्थानों में नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 11.13 |
| वार्ड क्र. 51 शनि मंदिर रोड स्मृतिवन के बगत से कैलाश धाम तक सीसी रोड निर्माण | 6.85 |
| वार्ड क्र. 51 प्राथमिक शाला चंदन आवास के सामने एवं देविका विहार में नाली निर्माण कार्य | 10.46 |
| वार्ड क्र. 52 श्याम नगर लिंगियाडीह मानषी गेस्ट हाउस के पास वेंडिंग जोन निर्माण कार्य | 39.96 |
| वार्ड क्र. 52 दयालबंद मुख्य मार्ग कृष्ण कुमार के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 5.91 |
| वार्ड क्र. 52 ठाकुर देव प्रांगण में मंच शेड एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 8.00 |
| वार्ड क्र. 52 नागेन्द्र साहू के घर से शिव मंदिर तक एवं शिया अहिरवार के घर से सोनु साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण | 2.19 |
| वार्ड क्र. 53 के विभिन्न स्थानों पर पाईप लाईन विस्तार/मरम्मत कार्य | 15.76 |
| वार्ड क्र. 53 मेन रोड सूर्या चौक से आटा चक्की तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 29.66 |
| वार्ड क्र. 53 राजेन्द्र देवांगन के घर से हिरउ भैया के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 3.35 |
| वार्ड क्र. 53 मनहरण मेहर के घर से राम मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 5.96 |
| वार्ड क्र. 53 मेलुराम गली से लक्ष्मी कौशल के घर से साई बुटिक से बीपत राजपुत से घनश्याम के घर से गुरु घासीदास चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 14.00 |
| वार्ड क्र. 54 चिंगराजपारा तालाब में पचरी निर्माण कार्य | 6.60 |
| वार्ड क्र. 54 अमरैया चौक स्थित कबडडी खेल मैदान का बाउण्ड्रीवाल, मंच शेड, जिम भवन के उपर अतिरिक्त कमरा, शौचालय, स्नानागार, खेल मैदान का प्रवेश द्वार निर्माण कार्य | 21.68 |

**कुल लागत -7 करोड़ 1 लाख 34 हजार**

| कार्य का नाम | लागत |
|---|---|
| वार्ड क्र. 54 मुक्तिधाम में सौंदर्गीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 6.10 |
| वार्ड क्र. 54 गुडडु तम्बोली के घर से सम्राट शर्मा के घर तक आरसीसी नाली निर्माण | 2.31 |
| वार्ड क्र. 54 मिलन देवांगन के घर से संतोष टेलर्स से लक्ष्मी चौक तक आरसीसी नाली निर्माण | 18.91 |
| वार्ड क्र. 54 लक्ष्मी चौक से श्रीवास भवन से कुमारी यादव से कुदंरू बाडी मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण | 11.89 |
| वार्ड क्र. 54 गजानंद चौहान साई मंदिर गली से कन्हैया के घर से देवांगन आटो से डा. टीकाराम से संजीत गुप्ता के घर तक आरसीसी नाली निर्माण | 20.66 |
| वार्ड क्र. 54 राजू सैलुन से सीताराम श्रीवास के घर तक आरसीसी नाली निर्माण | 2.75 |
| वार्ड क्र. 54 धन्नु राजपुत से पुलिया से दुर्गा मंदिर मेंन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण | 10.77 |
| वार्ड क्र. 55 के बम्हर मंदिर के पास आरसीसी नाली निर्माण | 3.23 |
| वार्ड क्र. 55 के वार्ड के विभिन्न स्थानों पर एवं बम्हर मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण/मरम्मत कार्य | 7.31 |
| वार्ड क्र. 55 शिव मंदिर के सामने से पुनीत दुकान होते हुए बजरंग मंदिर से उगला मिश्रा के घर तक नाली निर्माण | 7.41 |
| वार्ड क्र. 55 अशोक विहार रामलाल गुप्ता के घर से आरसीसी नाली निर्माण | 12.55 |
| वार्ड क्र. 55 नाला से श्याम वैष्णव के घर तक सीसी रोड निर्माण | 20.39 |
| वार्ड क्र. 55 डबरीपारा पाटनवार के घर के पास आरसीसी नाली एवं कल्वर्ट निर्माण | 7.01 |
| वार्ड क्र. 55 ज्योति सिंह के घर से श्री साहू के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 8.68 |
| वार्ड क्र. 55 न्यू माडर्न स्कूल के पास आरसीसी नाली निर्माण | 2.77 |
| वार्ड क्र. 55 डबरीपारा में अशोक विहार फेस 1 से बजरंग मिक्चर कारखाना से रमेश देवांगन के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण | 5.62 |
| वार्ड क्र. 56 रामायण चौक से अरपा नदी तक सीसी रोड मरम्मत कार्य | 17.12 |
| वार्ड क्र. 56 किसानपारा चांटीडीह के पास सीसी रोड निर्माण कार्य | 8.34 |
| वार्ड क्र. 56 किसानपारा चांटीडीह में आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 6.96 |
| वार्ड क्र. 56 ठाकुरदेव मंदिर से साईंस कालेज तक सीसी रोड मरम्मत कार्य | 23.55 |
| वार्ड क्र. 56 पठानपारा नदी किनारे से रामायण चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 5.00 |
| वार्ड क्र. 56 सावित्री सोनी के घर से नाला तक नाली निर्माण/मरम्मत कार्य | 5.63 |
| वार्ड क्र. 56 डॉ दिक्षीत गली में आरसीसी नाली निर्माण | 4.31 |
| वार्ड क्र. 57 रूद्र विहार में सीसी रोड निर्माण कार्य | 4.94 |
| वार्ड क्र. 58 राहुल यादव के घर से राजकुमार के घर से एवं भटनागर तालाब से 03 पुलिया तक सीसी रोड निर्माण सीसी रोड निर्माण | 34.71 |
| वार्ड क्र. 58 सिद्धि विहार में सीसी रोड निर्माण | 5.24 |
| वार्ड क्र. 58 धमेन्द्र के घर से विनय पटेल के घर तक सीसी रोड निर्माण | 2.95 |
| वार्ड क्र. 58 देवप्रसाद के घर से रामसिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण | 6.13 |
| वार्ड क्र. 58 खमतराई बिलासपुर पब्लिक स्कूल के पास सीसी रोड निर्माण | 22.05 |
| वार्ड क्र. 58 गुप्ता के घर से वचन के घर तक नाली निर्माण | 5.87 |
| वार्ड क्र. 58 रामप्यारी के घर से गोरेलाल के घर तक सीसी रोड निर्माण | 7.95 |
| वार्ड क्र. 58 शर्मा विहार में कुशवाहा के घर के पास सीसी रोड निर्माण | 8.73 |



| | | |
|---|---|---|
| तिलकराम साहू | वार्ड क्र. 48 | एमआईसी सदस्य |
| श्रीमती रेखा पाण्डेय | वार्ड क्र. 57 | एमआईसी सदस्य |
| श्रीमती रूपाली गुप्ता | वार्ड क्र. 56 | एमआईसी सदस्य |
| श्रीमती रेखा सूर्यवंशी | वार्ड क्र. 53 | ज़ोन अध्यक्ष |
| श्रीमती रानी देवांगन | वार्ड क्र. 54 | पार्षद |
| श्रीमती मनोरमा यादव | वार्ड क्र. 55 | पार्षद |
| श्रीमती कमला पटेल | वार्ड क्र. 58 | पार्षद |
| श्रीमती ममता मिश्रा | वार्ड क्र. 68 | पार्षद |
| रमेश पटेल | वार्ड क्र. 13 | पार्षद |
| जय वाधवानी | वार्ड क्र. 50 | पार्षद |
| प्रितेश सोनी | वार्ड क्र. 51 | पार्षद |
| हेमंत मरकाम | वार्ड क्र. 14 | पार्षद |

J.J.Ad

**विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा क्षेत्र**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जून 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एग्जाम

## प्रीडीएलएड परीक्षा में नहीं पहुंचे तीन हजार परीक्षार्थी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिले में परीक्षा के लिए 45 केंद्र बनाए गए थे, जहां करीब 11 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 3 हजार अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस परीक्षा के लिए 14 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चली,परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिए गए। प्रशासन ने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा। सुरक्षा के लिए फ्रिस्किंग, वीडियोग्राफी और पुलिस निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों में जेपी वर्मा पीजी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, बिलासा गर्ल्स पीजी कॉलेज, सीएमडी पीजी कॉलेज, डीपी विप्रा लॉ कॉलेज, कौशलेंद्र राव पीजी लॉ कॉलेज, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल सहित विभिन्न शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में परीक्षाएं आयोजित की गई। शिक्षक बनने का सपना संजोए हजारों युवाओं के लिए यह परीक्षा महत्वपूर्ण रही। परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रदेश के डीएलएड संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा।



कार्यकारिणी

## सेवा गतिविधियों को प्रभावी बनाने होगा प्रयास



बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर की सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष हरदीप सलूजा, सचिव मनीष चंदेल, कोषाध्यक्ष रौनक अग्रवाल चुने गए हैं।मनोनयन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्लब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी सदस्यों के सहयोग से लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में लायंस क्लब बिलासपुर सेवा कार्यों का नया आयाम स्थापित करेगा तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक रूप से संचालित करेगा। इस दौरान संगठन की भावी योजनाओं एवं सेवा परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

**लायंस क्लब बिलासपुर की बनाई गई नई कार्यकारिणी**

धर्मक्षेत्र

## मानस मंडली द्वारा 208वें संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ



बिलासपुर। युगाब्द 5128 पुरुषोत्तम ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी के पावन अवसर पर शिवम रेसिडेंसी में दीपक एवं रश्मि के आग्रह पर शुभमविहार मानस मंडली द्वारा सतत 208वें संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते ललित हीरालाल गर्ग ने बताया कि शिवम रेसिडेंसी में सैकड़ों लोग निवासरत हैं,जबकि उनमें से केवल चंद ही शिवम रेसिडेंसी के हैं। वैसे ही भारत में रहने वाले प्रत्येक भारत के नहीं होते। एकेश्वरवादी व विस्तारवादी सेमेटिक धर्मों में संकीर्णता हैं। जबकि बहुदेववादी हिंदुओं के मंदिर में शिव, दुर्गा,गणेश, श्रीराम व हनुमान किसी का भी गुणगान संभव है। आयोजन में अखिलानंद सत्यनारायण परासर,ललित हीरालाल गर्ग,आर पी मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, नरेंद्र गोपाल, सुरेंद्र दुबे,अखिलेश द्विवेदी,भूपेंद्र यादव,डी पी सक्सेना सहित बड़ी सँख्या में जागरूक नागरिक उपस्थित हुए।

# 11 हजार विशालकाय वृक्ष दे रहे हरियाली का संदेश



विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

शहर के उद्योगपतियों ने सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र के 25 एकड़ में 'आक्सीजोन' बनाकर एवं 11 हजार विशालकाय वृक्ष बढ़ाकर एक रिकॉर्ड बनाया है। पूरी दुनिया में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाकर जनमानस को जगाया जाता है, ताकि आने वाली भयानक परिस्थितियों से बचा जा सके। कम किया जा सके।

## उद्योगपतियों ने सिरगिट्टी के 25 एकड़ में बनाया आक्सीजोन

***बिलासपुर।*** *इसी दिवस से प्रेरणा लेकर बिलासपुर के उद्योगपतियों ने एक सराहनीय कार्य किया है। इसकी चर्चा कम ही होती है। इसका कारण यह है कि उद्योग जगत को प्रदूषण फैलाने वाला, काला धुंआ फेंकने वाला माना जाता है, जबकि एक अध्ययन के अनुसार एम.एस.एम.ई. सेक्टर के 90 प्रतिशत उद्योग से धुंआ ही नहीं निकलता है क्योंकि वे कोयला का उपयोग ही नहीं करते हैं। इस सबके बीच बिलासपुर के उद्योगपतियों ने सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र के 25 एकड़ में सघन पौधरोपण कर आक्सीजोन बनाया है। जहां 11 हजार बड़े-बड़े वृक्ष तैयार हो गए हैं। हर वर्ष लगभग 1 हजार वृक्ष असामाजिक तत्वों, जानवरों, आंधी तूफान, प्राकृतिक आपदा में नष्ट भी होते हैं। इसकी पूर्ति के लिए हर वर्ष 1 हजार नए वृक्ष लगाए भी जाते हैं।*




### स्वयं के व्यय पर किया पौधरोपण

सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र का निर्माण वर्ष 1984 में लगभग 6 सौ एकड़ जमीन में हुआ। शासकीय नियमों के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं उद्यान विकास हेतु यहां जमीन छोड़ी गई थी। बीस वर्षों तक उद्योग विभाग द्वारा यहां कार्य नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ व नर्मदा ड्रिंक्स प्रा.लि. ने अपने स्वयं के व्यय पर यहां सघन पौधरोपण किया। सघन पौधरोपण की सफलता के कारण वर्ष 2015 में पुनः 10 एकड़ जमीन वृक्षारोपण के लिए पुनः दी गई। नवनीत अग्रवाल डायरेक्टर, नर्मदा ड्रिंक्स को इसकी जिम्मेदारी दी गई। जिन्होंने लगन एवं सेवा भावना से इस कार्य को सफल बनाया। 15 हजार विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। जानवरों से रक्षा हेतु पूर्ण क्षेत्र के बाउन्ड्रीवाल में बारवेड वायर फेसिंग, पानी, खाद, सुरक्षा हेतु चौकीदार की व्यवस्था नवनीत अग्रवाल विगत 15 वर्षों से कर रहे हैं।

### जंगल मितान की संगोष्ठी आज

जंगल मितान छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून शुक्रवार को प्रातः 8 बजे बाजपेई परिषद विकास नगर 27 खोली में पर्यावरण चुनौती, उपाय व निदान विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस दौरान संस्था के संस्थापक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी पूर्व विधायक द्वारा वर्ष 1994 में रोपे गए रुद्राक्ष, चंदन, पीपल, हर्रा, बहेरा, आंवला, नीम, आम आदि वृक्षों का उत्सव मना कर पूजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, अखिलेश ने बताया कि संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता विवेक जोगलेकर, रुद्र अवस्थी, डॉ देवधर महंत, राजीव नयन शर्मा, डॉ शकुंतला जितपुरे एवं मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण कश्यप अध्यक्ष पश्चिम मंडल भाजपा होंगे। जंगल मितान संस्था की ओर से सभी पर्यावरण प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में संगोष्ठी में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

### तात्कालीन वन अधिकारी ने किया प्रोत्साहित



छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने बताया कि सी.एस.आई.डी.सी. के तात्कालीन प्रबंध संचालक सुनील मिश्रा भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी थे। पेड़ पौधों से उन्हें भारी लगाव था। उन्होंने ही इस वृक्षारोपण कार्य की जिम्मेदारी हमें दिया था और नियमित तौर पर निरीक्षण करते हुए प्रोत्साहित करते रहे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसी भी उद्योग संघ या उद्योगपति द्वारा इस तरह का सघन वृक्षारोपण करके''आक्सीजोन''नहीं बनाया गया है। बिलासपुर के उद्योगपतियों की सोच सदैव सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक रहकर सक्रिय योगदान की रहती है। सिरगिट्टी औद्योगिक प्रक्षेत्र इसका जीता जागता उदाहरण है।





### नीम कॉरिडोर से शहर को मिल रही हरियाली और शुद्ध ऑक्सीजन

पर्यावरण संरक्षण ग्रुप द्वारा शहर में एक प्रेरणादायी पहल करते हुए नीम कॉरिडोर विकसित किया गया है। समूह के सदस्यों ने अपने समय, श्रम और संसाधनों से लगभग 500 से अधिक नीम पौधों का रोपण कर एक ऐसा हरित गलियारा तैयार किया है, जो न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि नागरिकों को शुद्ध ऑक्सीजन और स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध करा रहा है। अब इस अभियान को और आगे बढ़ाते हुए कर्नाटक प्रजाति के 150 बड़े नीम वृक्षों का रोपण कर नीम कॉरिडोर का विस्तार किया जा रहा है। समूह के सदस्यों का मानना है कि नीम का वृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वायु को शुद्ध करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि इस पूरे हरित गलियारे में विशेष रूप से नीम के पौधों का चयन किया गया है। पौधों की नियमित देखभाल और सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए समूह द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। समूह के सक्रिय सदस्य संतोष निषाद ने पौधों की सिंचाई हेतु एक छोटे मालवाहक वाहन में लगभग 2,000 लीटर क्षमता का टैंक लगवाकर सहयोग प्रदान किया है। इस टैंक के माध्यम से सभी पौधों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराया जाता है। पौधों के बेहतर विकास के लिए समय-समय पर जैविक एवं अन्य आवश्यक खादों का भी उपयोग किया जा रहा है। समूह के अध्यक्ष इंद्रजीत सोहल ने बताया कि सड़क किनारे कई स्थानों पर विद्युत लाइनें एवं पोल पौधों के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन एवं विद्युत विभाग से अनुरोध किया है कि आवश्यक कार्रवाई कर इन बाधाओं को दूर किया जाए, जिससे हरित अभियान को और गति मिल सके। इस अभियान में एलएन साहू, अम्बिकेश साहू, जीआर पटेल, ओमप्रकाश देवानी, हेमलाल पटेल, नवीन प्रसाद, डीके सिंह, आनंद देसर, सुशील कुमार सरकार, सुधाकर तिवारी, दिलीप कौशिक, रमेश मेघानी, चिरंजीवी राठौर, प्रबल राय, पुरुषोत्तम पटेल, मोहित लाल बुनकर, मनीष सिन्हा, अजय ठाकुर, बलवान सिंह, प्रमोद ठाकुर, प्रकाश जोशी, विवेक कुमार सहित अनेक सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## हनुमान मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का महाभिषेक





### पुरूषोत्तम मास के 19 वें दिन हुआ विशेष आयोजन

**बिलासपुर।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मिशन हास्पीटल रोड में रविवार को पुरूषोत्तम मास पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसके 19 वें दिन गुरुवार को भक्तों ने 1101 पार्थिव शिवलिंग बना कर उसका आचार्य पं. प्रेमकांत मिश्रा के सानिध्य में दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से महाभिषेक किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आज की पूजा के मुख्य यजमान शंकरा हास्पीटल के संचालक डॉ आदित्य सोनम केशरवानी रहे। आचार्य पं. प्रेमकांत मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे भवन्तु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यंति मां कश्चित दुखः भाग भवेत की भावना से किया जा रहा है। यानी इस संसार में सभी सुखी, निरोगी रहे। सभी में आपसी भाईचारा हो। भारत वर्ष की उन्नति हो। अभी तक 25 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हो चुका है। वहीं लड्डु गोपाल व शालीग्राम का भी अभिषेक हो रहा है। भगवान शिव का 108 बेलपत्र से अर्चन तो लड्डु गोपाल का तुलसी अर्चन किया जा रहा है। अभिषेक का यह क्रम पुरूषोत्तम मास के समापन 15 जून तक चलते रहेगा। समापन पर 15 जून को 11000 पार्थिव शिवलिंग का महा रूद्राभिषेक किया जाएगा। विशाल भण्डारा होगा। जिसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

कार्नर न्यूज

## रेलवे क्षेत्र के गणेश मंदिर में अभिषेक, गणपति हवन



**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित गणेश मंदिर में संकष्टी चतुर्थी की पूजा गुरुवार को की गई। सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तों ने दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

इसी तरह शाम को भी संकष्टी चतुर्थी की पूजा हुई। शाम 6 से साढ़े 7 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। साढ़े 7 से रात 10 बजे तक भक्तों ने दर्शन किया। अंत में रात्रि में भी प्रसाद वितरण किया गया। विभुवन संकष्टी चतुर्थी हर 3 साल में एक बार आती है। यह अधिक मास में पड़ती है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है। इस बार इसकी तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, इसलिए कुछ मंदिरों में बुधवार तो कुछ में गुरुवार को संकष्टी चतुर्थी मनाई गई। श्री गणेश मंदिर रेल्वे में गुरुवार को पूजा हुई।

**संकष्टी चतुर्थी पर हुई विशेष पूजा, बांटे गए प्रसाद**



### बनता है सुख-सौभाग्य के संयोग

संकष्टी चतुर्थी का बहुत खास महत्व बताया गया है। अधिक मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली संकष्टी चतुर्थी को विभुवन संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से संकटों का नाश होता है और जीवन में सुख-सौभाग्य के संयोग बनते हैं।




जागरूकता

डॉ. मोनिका शर्मा

# छोटे-छोटे कदम उठाकर हम करें पर्यावरण की रक्षा

बच्चो, विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आओ, हम अपने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानें। साथ ही इस बात को भी जानें कि हम बच्चे अपने पर्यावरण को कैसे प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित रख सकते हैं।



बच्चो, हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आवरण है, जो हमें हर ओर से घेरे हुए है। प्यारे-प्यारे पशु-पक्षी, हरे-भरे पेड़ पौधे, सुंदर-मनमोहक नदी-पहाड़, समुंदर, तालाब और हम इंसान सब इस घेरे में ही रहते हैं। धरती, जल, आकाश और वायु से बना पर्यावरण यूं तो खुद को शुद्ध और स्वच्छ रखना जानता है, लेकिन हम इंसानों की एक्टिविटिज ही इसे दूषित कर रही हैं। इसीलिए, पर्यावरण की संभाल-देखभाल बहुत जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्यावरण की रक्षा हम छोटे-छोटे कदम उठाकर भी कर सकते हैं। तुम भी अपने रुटीन में कुछ आदतों को शामिल कर अपनी धरती और अपने पर्यावरण के रंगों को सहेज सकते हो। इसके लिए तुम्हें यह जानना चाहिए कि वे कौन से कारण हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।



## बदलता मौसम

बच्चो, तुमने घर के बड़ों को अकसर यह कहते हुए सुना होगा कि पहले तो इतनी गर्मी नहीं होती थी। कुछ साल पहले तक ठिठुराने वाली ऐसी ठंड भी नहीं पड़ती थी। बरसात भी समय पर होती थी। अच्छी बारिश से हरियाली भी खूब रहती थी। लेकिन अब तुम खुद देख रहे हो कि मौसम का रूप पूरी रह बदल गया है। झुलसाने वाली गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, मौसम के बदलते रंग-ढंग के पीछे पर्यावरण असंतुलन ही है। यह असंतुलन इंसानों की गतिविधियों से कुदरत को पहुंचे नुकसान का नतीजा है। यही स्थिति बनी रही तो प्यारी-प्यारी तितलियां, हरे-भरे पार्क, रंग-बिरंगे फूलों से सजा स्कूल कैंपस और सहन करने लायक मौसम हमारे लिए सपना बन जाएंगे।

## मौसम का बदलता पैटर्न

बच्चो, पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से मौसम का पैटर्न भी बदलता है। मौसम के पैटर्न का बदलना हमारे जीवन के हर पहलू पर नकारात्मक असर डालता है। इससे बीमारियां बढ़ती हैं। बेमौसम बहुत ज्यादा बरसात होने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बारिश की कमी से सूखे की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसे में आने वाले कल की बेहतरी के लिए आज ही हम सबको सजग होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की अलार्मिंग स्थितियों में पर्यावरण रूपी अनमोल धरोहर की रक्षा में जुट जाना होगा। कुदरत के हर हिस्से से मिल रही वॉर्निंग्स को सुनना और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सही कदम उठाना हम सभी का कर्तव्य है।



## क्लाइमेट चेंज का नतीजा

बच्चो, क्लाइमेट चेंज का ही नतीजा है कि कहीं पहाड़ दरक रहे हैं तो कहीं नदियां सूख रही हैं। दुनिया के किसी कोने में ग्लेशियर पिघल रहे हैं, तो कहीं रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। ऐसा सब होना और तेजी से होना, वाकई चिंता की बात है। इस साल पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने वाला यह विषय साफ-साफ समझा रहा है कि हमारी धरती हमसे बहस नहीं करती। हमारा घर कहा जाने वाला यह प्लेनेट कोई बातचीत नहीं करता। यह सिर्फ संकेत भेजता है। ग्लेशियर पिघलने से बढ़ते समुद्र, जंगल में आग की बढ़ती घटनाएं, बेहद गरम या ठंडी हवाएं, ऐसी बहुत सी बातें बिगड़ते पर्यावरण के ही इशारे हैं। चिंता की बात है कि हम सब ऐसे सिग्नल्स की अनदेखी कर रहे हैं। हमारी प्यारी पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे संकेतों के प्रति नासमझ बने बैठे हैं। वर्ल्ड एनवॉयरनमेंट-डे हमारी इस लापरवाही को लेकर चेताने वाला दिन है।

## क्लाइमेट केयर है जरूरी

बच्चो, क्लाइमेट चेंज जैसी स्थिति से निपटने के लिए हमें प्रॉपर क्लाइमेट केयर करना होगा। तभी जाकर हमारा एनवॉयरनमेंट भी संतुलित और सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तुम भी अपना योगदान दे सकते हो, बस तुम्हें अपने डेली-हैबिट्स में थोड़ा-सा बदलाव लाना होगा। पानी बचाना, फूड वेस्ट न करना, अपने कमरे से बाहर आते हुए बिजली-पंखे के स्विच बंद करना, कूड़ा-कचरा को सही जगह फेंकना, साफ-सफाई का ध्यान रखना... जैसी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

बच्चो, असल में बात केवल अपनी जिम्मेदारी समझने की है। पर्यावरण सहेजने के लिए घर के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को क्लाइमेट वॉरियर बनना होगा। आस-पास जाने के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करने से लेकर अपने साथ एक थैला लेकर चलने और प्लास्टिक से दूरी बनाने तक। सब कुछ क्लाइमेट केयर से जुड़ा है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा तय किया गया यह दिन, पर्यावरण की सेफ्टी और स्वास्थ्य के साथ ही दुनिया भर के लोगों की भलाई से भी जुड़ा है। ऐसे में क्लाइमेट केयर करना कहीं न कहीं खुद अपनी और अपने एनवॉयरनमेंट की देखभाल करने जैसा ही है। *




### जागरूक करता खास दिन

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता लाने से जुड़ा एक विशेष दिन है। इससे जुड़ी अवेयरनेस कैंपेन में हर साल खास थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस साल का विषय क्लाइमेट चेंज से जुड़ा है। इस साल पर्यावरण दिवस 'नाउ फॉर क्लाइमेट' थीम-टैगलाइन के तहत बिना देरी किए कार्रवाई करने का संदेश लिए है। यह पृथ्वी, पर्यावरण और मौसम के बदलावों से मिल रही चेतावनी को समझने से भी जुड़ा है।

---

बच्चो, बिजली की बचत और सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत जरूरी है। सौर ऊर्जा के महत्व, उसके इस्तेमाल के साथ जानो कि तुम किन तरीकों से बिजली की बचत में अपना योगदान दे सकते हो?

# बिजली और सौर ऊर्जा का समझदारी से करो उपयोग

पहल

डॉ. दीपक कोहली




बच्चो, राजमर्रा के जीवन में हमारे चारों तरफ बिजली यानी विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल कई तरह से होता है जैसे-घर, स्कूल, पार्क, खेल के मैदान, खेल के उपकरण और छोटे-छोटे खिलौने तक में। लेकिन क्या तुम जानते हो कि पृथ्वी पर सूरज से इतनी ऊर्जा आती है कि अगर हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो बहुत सारी बिजली बचाई जा सकती है? सूर्य से मिलने वाली इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते हैं।

**क्या है सौर ऊर्जा:** सौर ऊर्जा सूरज की किरणों से प्राप्त होती है। यह स्वच्छ, प्राकृतिक और नवीकरणीय (रीन्यूएबल) ऊर्जा है। इसका मतलब है कि यह कभी खत्म नहीं होती और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाती। आजकल तो घरों, स्कूलों, स्ट्रीट लाइट और खेतों में पानी के पंप चलाने तक में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल होने लगा है।



**किस तरह करती है काम:** सूरज की किरणें जब सोलर पैनल पर पड़ती हैं, तो ये पैनल सूरज की रोशनी को विद्युत ऊर्जा में बदल देते हैं। यह बिजली घर में लाइट, पंखे और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने में काम आती है। सोचो, अगर हर घर और स्कूल में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल इस तरह से हो, तो बिजली की कमी नहीं होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**सौर ऊर्जा से करो ये छोटे-छोटे प्रयोग:** बच्चो, तुम घर या स्कूल में अपने पैरेंट्स की निगरानी में या फिर टीचर की गाइडेंस से छोटे सोलर पैनल से चलने वाले खिलौने बना सकते हो। इससे तुम्हें सौर ऊर्जा के काम करने का तरीका समझ में आएगा। दोस्तों के साथ मिलकर छोटे-छोटे प्रयोग और प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हो। स्कूल में, घरों में और अन्य स्थानों पर सोलर पैनल लगाने के प्रयोग दिखाकर सभी को इसके बारे में बता सकते हो। इस प्रकार तुम सब बच्चे सौर ऊर्जा के बारे में समझकर, इसका प्रयोग करके और अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हो, पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हो।

**तुम भी बचाओ ऊर्जा:** सोलर एनर्जी के यूज को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी कंजर्वेशन यानी घरों में आने वाली विद्युत ऊर्जा की बचत करना भी जरूरी है। तुम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा की बचत कर सकते हो। जैसे- जब कमरे में रोशनी की जरूरत न हो तो लाइट्स बंद कर दो। कमरे की खिड़कियों से आ रही प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करो। पंखे और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का जब इस्तेमाल नहीं करना हो तो इन्हें बंद कर दो। घर में सबके साथ मिलकर 'एक घंटा बिना बिजली' जैसी एक्टिविटी करो। अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी ऊर्जा बचाने के तरीकों के बारे में बताओ।

जरा सोचो बच्चो, अगर हर बच्चा अपने घर, स्कूल और आस-पास के क्षेत्र में बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करे और सौर ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करे तो हमारे गांव, शहर और देश में बिजली की कितनी बचत होगी। साथ ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। *

---

तुम्हारे लिए प्रेरक किताब / विज्ञान भूषण

# पर्यावरण के प्रति हमें जागरूक बनाता उपन्यास

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि इस समय पूरी दुनिया पर पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है। इस संकट को दूर करने में केवल बड़े ही नहीं बच्चे भी अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं, लोगों में जागरूकता फैला सकते हैं। बाल उपन्यास 'हरियाली की ओर' भी कुछ ऐसा ही संदेश देता है। इसकी लेखिका प्रसिद्ध बाल साहित्यकार मीनू त्रिपाठी हैं, जिन्हें इस पुस्तक के लिए 'हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्यकार सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया है।





इस उपन्यास की मुख्य पात्र वंशिका है, जो समझदार होने के साथ थोड़ी चंचल भी है। वह बहुत अच्छी एक्टिंग कर लेती है। इसीलिए थोड़ी नाराजगी के बावजूद नाटक मंचन का आयोजन करने वाले नीलेश सर, उसे स्कूल के समारोह में होने वाले नाटक (सिर सांठें रूंख..) के मंचन में अमृता देवी (जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपनी तीन बेटियों के साथ बलिदान दे दिया था) की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिलता है। वंशिका के पापा और मम्मी भी उसे पर्यावरण संरक्षण के बारे में वन के महत्व और चिपको आंदोलन जैसी बहुत सी बातें बताते हैं, उसे प्रेरित करते हैं। कई भावुक और रोमांचक घटनाओं के साथ अंत में वंशिका बड़े साहस से अपने पापा को भी एक मुसीबत से बचाती है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत करता यह उपन्यास बच्चो, तुम्हें जरूर पसंद आएगा और अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। निश्चित ही इससे तुम भी अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करोगे। *

**किताब :** हरियाली की ओर (बाल उपन्यास), **लेखिका :** मीनू त्रिपाठी, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली

---

## जीके क्विज-208

1. हरे पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में कौन-सी गैस उत्पन्न करते हैं?
2. पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरू किया गया था?
3. ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण कौन-सी गैस को माना जाता है?
4. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
5. अम्ल वर्षा किन गैसों के कारण होती है?
6. आईपीएल-2026 का फाइनल मैच किस टीम ने जीता?
7. आईपीएल के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किस भारतीय क्रिकेटर ने बनाया?
8. हाल ही में भारत का पांचवां पूर्ण साक्षर राज्य कौन बना है?
9. किस देश को हजारों झीलों का स्थान कहा जाता है?
10. भारतीय सशस्त्र बलों के नए सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन बनाए गए हैं?



बच्चो, जीके क्विज-208 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-207 का उत्तर :** 1. दिल्ली, 2. यांग शुआंग जी, 3. केरल, 4. 21 जून, 5. यमुना, 6. कामी रीता शेरपा, 7. तारापुर, 8. डायबिटीज, 9. अमेजन वर्षा वन, 10. मध्य प्रदेश

**जीके क्विज-207 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, मोनू-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, कुणाल-रायपुर, तान्या-दुर्ग, सचिन-बालोद, हर्ष-महासमुंद, कबीर-हिसार, राजन-रायगढ़, अंकित-कटनी

---



कहानी

डॉ. विमला भंडारी

मुन्ना एक दिन तेज गर्मी से बेहाल था। बिजली भी नहीं आ रही थी, जो उसे पंखे, एसी की हवा में राहत मिलती। मम्मी गर्मी की तेज धूप में उसे बाहर भी नहीं जाने दे रही थीं। मुन्ना को जब मम्मी ने इस भीषण गर्मी की वजह बताई तो उसने जो कोशिश की, वह कोशिश पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बच्चे को करनी चाहिए।

# प्रकृति से दोस्ती



एआई इमेज

दो पहर में मुन्ने का जो रोना शुरू हुआ, थमने का नाम ही नहीं ले रहा था। गर्मी ने उसकी हालत खराब कर दी थी। उसका छोटा-सा चेहरा लाल हो गया था। पसीना बालों से टप-टप पानी की तरह गिर रहा था। वह बार-बार अपने नन्हे हाथ चेहरे पर ले जाकर पसीना पोंछता और रोते हुए कहता, 'उऊं मां... बहुत गर्मी लग रही है... अब क्या करें, कहां जाएं... इस गर्मी से कैसे छुटकारा पाएं? तुम बाहर भी नहीं निकलने देतीं... बिना दोस्तों के कैसे मन बहले?'

मां ने मुन्ना को गोद में उठाया और प्यार से सहलाते हुए बोलीं, 'चुप हो जा बेटा... लाइट भी चली गई है। देख, पंखा भी बंद है, फ्रिज भी... ऐसी गर्मी में तो...।'

'...तुम तो मुझे ठंडा पानी ही ला दो। जरा मुंह धो लूं और पी भी लूंगा।' मुन्ना बीच में ही बेचैन स्वर में बोला।

'अब ठंडा पानी कहां से लाऊं?' मां मुन्ने की तरफ देखते हुए बोलीं। पास में बैठा डॉग रॉकी भी हांफ रहा था। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। मुन्ना उसे देखकर बोला, 'मां, रॉकी को देखो, इसको क्या हो गया है? इसने क्यों जीभ बाहर निकाल रखी है? क्या इसको भी बहुत गर्मी लग रही है... यह भी मेरी तरह खेलने नहीं जा पा रहा...।'

मां ने गहरी सांस ली और बोलीं, 'बेटा, यह सिर्फ गर्मी नहीं है, यह तो हमारी गलती का नतीजा है।'

मुन्ना थोड़ी देर के लिए चुप हो गया। उसने मां को देखा, मां आसमान की ओर इशारा कर रही थीं। मुन्ना ने आसमान की ओर देखा, सूरज आग उगल रहा था। उसने पूछा, 'मां, क्या सूरज गुस्सा है?'

मां हंसी फिर बोलीं, 'सूरज गुस्सा नहीं है बेटा... लेकिन हमने धरती को इतना बदल दिया है कि अब गर्मी ज्यादा लगने लगी है। जब मैं छोटी थी, तब हमारे घर में बड़ा-सा आंगन होता था। उसमें नीम और आम के पेड़ होते थे। उनकी छांव इतनी ठंडी होती थी कि बिजली से चलने वाले पंखे की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। एसी और कूलर तो थे ही नहीं। केवल हाथ से चलने वाली छोटी पंखी होती थी। उसकी जरूरत भी कभी-कभी पड़ती थी।'

मां मुन्ने को पंखी की कहानी सुनाने लगीं कि वह कैसे धागे से कशीदा करके सुंदर-सुंदर पंखियां बनाती थीं। गर्मी को भूल कहानी में डूबे मुन्ना ने हैरानी से पूछा, 'क्या.. सच मां? फिर पानी ठंडा कैसे होता था? क्या उसको भी पंखी से हवा करते थे?'

मां ने पास रखी एक पुरानी मटकी की ओर इशारा किया, 'ऐसी ही मटकी में पानी रखते थे। इसमें पानी ठंडा रहता था। चाहे कितनी भी गर्मी हो, मटकी में हमेशा ठंडा पानी मिलता था। खूब ठंडे पानी के लिए गीला कपड़ा मटकी के चारों ओर लपेट देते थे और पेड़ की छाया के नीचे गीली मिट्टी में रख देते थे। इससे तो मटकी से बहुत ही ठंडा पानी मिलता था। मेरे ननिहाल में तो रात को पलंग के पास सुराही में पानी भरकर रखते थे।' 'यह सुराही क्या होती है मां?' मुन्ना ने आंखें झपकाते हुए पूछा।

'सुराही मिट्टी की बनी होती है। तुम्हारी वाटर बॉटल की तरह होती थी। इसमें भी मटकी की तरह बड़ा ठंडा पानी मिलता था। सब मिट्टी और पेड़ की माया थी।' मां मुन्ने को समझाते हुए बोलीं। मुन्ना धीरे-धीरे शांत होने लगा। उसने रॉकी की ओर देखा, वह भी कान खड़े किए मानो ठंडे पानी और ठंडी छाया की बात शांत मन से सुन रहा था। मुन्ना बोला, 'मां, अगर हम भी पेड़ लगाएंगे तो क्या फिर ठंडी छांव मिलेगी?'

मां के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई, 'हां, बेटा, बिल्कुल मिलेगी। अगर हम पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे और प्रकृति का ध्यान रखेंगे, तो गर्मी भी कम लगेगी।'

अगले ही दिन, मुन्ना ने शावर नहीं चलाया और बाल्टी में पानी भर के नहाया। उसने बेसिन का नल भी खुला नहीं रखा, मुंह-हाथ धोने के बाद नल बंद कर दिया। मां बोलीं, 'आज गमले में एक पौधा लगाएंगे।'

'मां क्या आम का पेड़ लगाएंगे?' मुन्ना ने उत्साह से पूछा।

मां हंसते हुए बोलीं, 'हमारे घर अब छोटे हो गए हैं। यहां आम का पेड़ नहीं लगा सकते, पर गमले में किसी बेल का पौधा जरूर लगाएंगे, जो चारों तरफ बालकनी में फैल जाएगी और फिर हमें थोड़ी छाया और ठंडी हवा देगी। अगर तुम्हें पेड़ लगाना है तो घर के बाहर खाली मैदान में लगा सकते हो।' मुन्ने ने घर की बालकनी में गमले में बेल तो लगाई ही, मां के साथ मिलकर घर के बाहर की जमीन एक छोटा-सा पौधा लगाया। मुन्ना रोज उसे पानी देता और रॉकी उसकी रक्षा के लिए उसके पास बैठा रहता। कुछ दिनों बाद वह पेड़ बड़ा हो गया। मुन्ना ने मां से कहा, 'अब तो यह बड़ा होकर हमें छाया देगा ना!'

मां ने उसे गले लगाते हुए कहा, 'हां बेटा, यह पेड़ सिर्फ तुम्हारी पीढ़ी को ही नहीं, तुम्हारी अगली पीढ़ियों को भी छाया देगा। तुमने पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की है। बेटा, तुमने एक बड़ा काम किया है।'

मुन्ना खुश था। अब उसे समझ आ गया था कि गर्मी से लड़ने का असली उपाय पंखा-एसी-फ्रिज नहीं, बल्कि प्रकृति से दोस्ती है। इस धरती और पर्यावरण को बचाना है, तो निरंतर हमें पेड़ लगाने होंगे।

---

कविता

डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी



एआई इमेज

## मिलकर पर्यावरण बचाएं!

धरती मां की सुनो पुकार,
पेड़-पौधों से करो प्यार।
नदियां कहतीं, जल बचाओ,
आओ बच्चो कदम बढ़ाओ।
चिड़िया गाए, पवन मुस्काए,
हरी-भरी धरती हर्षाए।
सब मिलकर पौधे लगाएं,
सुंदर अपना भविष्य बनाएं।
कूड़ा न फेंकें इधर-उधर,
स्वच्छ रखें हर गली-डगर।
जल हो निर्मल शुद्ध हवा हो,
प्रदूषण कहीं भी न जरा हो।
धरा के रक्षक बनें सब बच्चे,
काम करें हम अच्छे-अच्छे।
गाएं, खेलें, हाथ मिलाएं,
सब मिलकर पर्यावरण बचाएं!

---


## रंग भरो-203

**रंग भरो-203** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






वर्णिका, खैरागढ़



मान्या, बिलासपुर



साक्षी, दुर्ग



तन्मय, महेंद्रगढ़



श्रेया, दुर्ग



दीक्षांत, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, साक्षी-रायपुर, सिद्धि-राजनांदगांव, सौम्या-बालोद, साक्षी-रायपुर, आशुतोष-इंदौर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कोमल-जांजगीर, श्वेता-कटनी, अदिति-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हेमंत-करनाल, सपना-बिलासपुर

---

## रंग भरो 204



बच्चो, इस चित्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनी नया पौधा लगा रही है। इस तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## पृष्ठ 1 का शेष...

### सुशासन, विकास और जनकल्याण हमारी...

चिकित्सा, योग, फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी एवं समग्र पुनर्वास जैसी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। इससे वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और बेहतर जीवनयापन के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। इसी प्रकार उन्होंने 18.76 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 500 सीटर दिव्यांगजन शिक्षण-प्रशिक्षण एवं बहुउद्देशीय पुनर्वास केंद्र का भी शिलान्यास किया। इस केंद्र में शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल विकास, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑडिटरी ट्रेनिंग तथा समग्र पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह केंद्र दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### नालंदा परिसर का मुख्यमंत्री ने किया ...

आते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मधुबन-जूना क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ शासकीय भूमि पर 120 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक एजुकेशन हब विकसित किया जा रहा है। इस आधुनिक परिसर में नालंदा डिजिटल पब्लिक लाइब्रेरी, 300-300 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास, शैक्षणिक ब्लॉक तथा अन्य आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। एक ही परिसर में अध्ययन, आवास एवं शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एजुकेशन हब के विकसित होने से बिलासपुर की पहचान एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त होगी। यह परिसर हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा देने के साथ उन्हें सफलता की राह पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने जारी की महतारी वंदन...

अभियान के माध्यम से 7 हजार 770 नई महिलाओं को महतारी वंदन योजना से जोड़ा गया है। इससे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों की महिलाओं को भी आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना आज केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, विश्वास और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक बन चुकी है। योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे परिवार तथा समाज में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेश की हर महिला सशक्त, स्वावलंबी और सम्मानपूर्ण जीवन जी सके। महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की नई धारा प्रवाहित हुई है और लाखों परिवारों के जीवन में खुशहाली तथा आर्थिक स्थिरता का नया अध्याय जुड़ा है।

एनएचएआई का पर्यावरण-हितैषी निर्माण पर जोर

# फ्लाई-ऐश व औद्योगिक कचरे की रिसाइक्लिंग से बनाई जा रही एनएचएआई की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आधुनिक सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में पहल शुरू कर दी है। इसके तहत एनएचएआई द्वारा राजमार्ग निर्माण में थर्मल पावर प्लांट की फ्लाई-ऐश (राख) का उपयोग किया जा रहा है। एनएचएआई द्वारा तीन वित्तीय वर्षों में लगभग तीन करोड़ मीट्रिक टन फ्लाई ऐश सड़क निर्माण में उपयोग किया गया है।

पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रिक रखने एनएचएआई ने अपनी सड़कों में एनटीपीसी से निकली फ्लाई ऐश का उपयोग करना प्रारंभ किया है। इसके अंतर्गत एनएचएआई ने विभिन्न परियोजनाओं में वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 2.17 करोड़ मीट्रिक टन, वर्ष 2025-26 में 62 लाख मीट्रिक टन फ्लाई-ऐश को सड़क निर्माण में खपाया है। इसी तरह वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक लगभग 20 लाख मीट्रिक टन फ्लाई-ऐश का उपयोग किया जा चुका है। इतना ही नहीं, बल्कि स्टील उद्योग के अपशिष्ट यानी स्लैग, अनुपयोगी टायरों के रबर और बायो-बिटुमेन जैसी वैकल्पिक सामग्रियों को रिसायकल कर वर्ष 2024-25 में 30,477 मीट्रिक टन तथा वर्ष 2025-26 में 2691 मीट्रिक टन सामग्रियों का उपयोग करके ग्रीन-हाइवे की परिकल्पना को भी साकार किया गया है।





### बी-कॉरिडोर और मेडिसीन पार्क से स्थानीय समृद्धि

हाइवे को एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने छत्तीसगढ़ के मैदानी और वनांचल मार्गों के किनारों पर एनएचएआई द्वारा कई अनोखे प्रयोग किए जा रहे हैं। सड़कों के किनारे विशेष बी-कॉरिडोर (मधुमक्खी गलियारा) विकसित किया जाएगा, जिससे आसपास के खेतों में प्राकृतिक परागण बढ़ेगा और स्थानीय किसानों की फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। इसी तरह बंजर और खाली पड़ी जमीनों पर मेडिसीन पार्क (औषधि वन) तैयार कर नीम, तुलसी, एलोवेरा और आंवला जैसे हजारों औषधीय पौधे लगाए जाएंगे।

### कायस्थ समाज के पूर्व संयोजक ने परिचय सम्मेलन कराने का दिया सुझाव

बिलासपुर। कायस्थ समाज के पूर्व संयोजक मदन श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्त समाज के अध्यक्ष आलोक वर्मा से चर्चा उपरांत छग कायस्थ मंच के के गठन का प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया है। इसके अलावा श्री श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के अध्ययक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी को मंगल भवन के जीर्णोद्धार के कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का सुझाव दिया है। इसके अलावा उन्होंने कायस्थ समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, पत्रिका का प्रकाशन करने, गरीब कायस्थों के युवक- युवतियों के विवाह में यथोचित सहयोग प्रदान करने का सुझाव दिया।




# आओ मिलकर पेड़ लगाए इस धरती को हरा भरा बनाएं...




## 5 जून पर्यावरण दिवस पर, पर्यावरण रक्षा का संकल्प लें...

हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें प्रकृति के महत्व की याद दिलाता है और यह प्रेरणा देता है कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूक और सक्रिय बनें। पर्यावरण हमें जीवन देता है – शुद्ध हवा, साफ पानी, भोजन और एक सुंदर जीवन। लेकिन आज यह गंभीर खतरे में है। मानव गतिविधियों के कारण वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि बढ़ रही है। अगर हम अभी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन मुश्किल हो जाएगा। इसलिए यह आवश्यक है कि हम पर्यावरण संरक्षण को अपनी ज़िम्मेदारी समझें न कि सिर्फ एक विकल्प। छोटे-छोटे प्रयास जैसे कि पेड़ लगाना, प्लास्टिक उपयोग, जल और बिजली की बचत, और कचरे का सही निपटान बड़े बदलाव ला सकते हैं। स्कूल, कॉलेज, समाज और हर व्यक्ति को इसमें भागीदार बनना होगा इस पर्यावरण दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि प्रकृति से प्रेम करेंगे, उसे बचाएंगे और एक हरा-भविष्य बनाएंगे।








## प्रकृति, भगवान का दिया हुआ अनमोल उपहार

पेड़, पौधे, नदियाँ, पहाड़, आकाश, सूरज, चाँद, तार आर जानवर यह सब प्रकृति, भगवान का दिया हुआ अनमोल उपहार हैं। प्रकृति हमारी जीवन रेखा है। यह हमें शुद्ध हवा, पानी, खाना और रहने की जगह देती है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, जिससे हम साँस लेते हैं। प्रकृति को साफ और सुंदर बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिए और नदियों को गंदा नहीं करना चाहिए। हरियाली और शांति के लिए प्रकृति बहुत ज़रूरी है। जब हम पार्क या जंगल में जाते हैं, तो मन की शांति मिलती है। हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका आनंद ले सकें।

## पर्यावरण बचाव के प्रति हमारा कर्तव्य...

जल जीवन के लिए बहुत जरूरी है। बिना पानी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हम पानी का उपयोग पीने, खाना पकाने, नहाने, सफाई और खेती जैसे कई कामों में करते हैं। आजकल कई जगहों पर पानी की कमी हो रही है। नदियाँ, तालाब और कुएँ सूखते जा रहे हैं। इसका कारण है – पानी का गलत और अधिक उपयोग। अगर हम अभी से सावधानी नहीं बरतेंगे, तो भविष्य में पीने के लिए भी पानी नहीं बचेगा। - इसलिए जल संरक्षण बहुत जरूरी है। हमें पानी को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए। जैसे -नल को खुला न छोड़ें, टूटी टंकियों को ठीक करवाएँ, वर्षा जल को इकट्ठा करें, और जरूरत से ज्यादा न बहाएँ। पेड़-पौधे लगाने से भी पानी बचता है क्योंकि वे मिट्टी की नमी बनाए रखते हैं। हमें बच्चों को भी पानी की अहमियत समझानी चाहिए। सरकार भी जल संरक्षण के लिए कई योजनाएँ चला रही है। लेकिन असली जिम्मेदारी हमारी है।











# विश्व पर्यावरण दिवस

## हरित तिफरा ही समृद्ध बिलासपुर की गारंटी

हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ पेड़ लगाने का दिन नहीं है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले लघु उद्योग - एमएसएमई। सेक्टर - देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में लगभग 45% और निर्यात में 40% का योगदान देते हैं। 6.3 करोड़ से ज्यादा इकाइयाँ 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं। लेकिन अक्सर माना जाता है कि उद्योग और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी हैं। सच यह है कि लघु उद्योगों के पास सबसे बड़ा अवसर है: कम लागत में नवाचार करके हरित विकास का मॉडल बनना। पर्यावरण दिवस 2026 की थीम हमारी भूमि, हमारा भविष्य लघु उद्यमियों से सीधा संवाद करती है - क्योंकि ज़मीन, पानी और हवा को बचाकर ही उद्योग भी टिकेगा।

**1. लघु उद्योग और पर्यावरण : चुनौती कहाँ है?**
लघु उद्योगों का स्केल छोटा होता है, पर इनकी संख्या बहुत बड़ी है। इसलिए इनका सामूहिक पर्यावरणीय प्रभाव नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि कई छोटे उद्यमियों के पास हरित तकनीक अपनाने के लिए पूँजी, जानकारी या तकनीकी मदद की कमी होती है। पहले धंधा बचे, फिर पर्यावरण वाली सोच अभी भी हावी है।

**2. अवसर : हरित बनना ही स्मार्ट बिज़नेस है**
पर्यावरण-अनुकूल बनना अब खर्च नहीं, निवेश है। जो लघु उद्योग आज बदल रहे हैं, वे कल बाज़ार में आगे रहेंगे। कैसे?
**लागत में बचत - 1. ऊर्जा दक्षता :** एलईडी लाइट, सोलर रूफटॉप, एनर्जी-एफिशिएंट मोटर लगाने से बिजली बिल 30-40% तक घटता है। केंद्र सरकार की PM-KUSUM और MSME सस्टेनेबल ZED योजना पर सब्सिडी भी देती है।
**2. कचरे से कमाई :** फूड प्रोसेसिंग का कचरा बायोगैस में, कपड़े की कतरन रीसाइकल्ड यार्न में, लकड़ी का बुरादा पार्टिकल बोर्ड में बदल सकता है। वेस्ट टू वेल्थ मॉडल।
**3. जल पुनर्चक्रण :** छोटी ETP प्लांट लगाकर 70% तक पानी दोबारा इस्तेमाल हो सकता है।
**नया बाज़ार, नई पहचान -** आज का ग्राहक ग्रीन उत्पाद के लिए 10-15% ज्यादा कीमत देने को तैयार है। यूरोप और अमेरिका निर्यात के लिए कार्बन फुटप्रिंट सर्टिफिकेशन माँग रहे हैं। ZED सर्टिफाइड, ISO 14001 या ग्रीन प्रो प्रमाणन वाले लघु उद्योगों को बड़े ब्रांड्स से सीधे ऑर्डर मिल रहे हैं।



**सरकारी प्रोत्साहन -** MSME Sustainable ZED Certification: ब्रॉन्ज, सिल्वर, गोल्ड लेवल पर 50-80% तक सब्सिडी क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी: हरित मशीनरी पर 15% सब्सिडी सिडबी ग्रीन फाइनेंस: कम ब्याज दर पर ऋण राज्य स्तरीय योजनाएँ: मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सोलर पंप व ईटीपी पर अतिरिक्त अनुदान सफलता की कहानियाँ: छोटे कदम, बड़ा बदलाव।

## विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

### तिफरा औद्योगिक क्षेत्र, बिलासपुर

हरित विकास की ओर अगला कदम परिचय: बिलासपुर की औद्योगिक धड़कन तिफरा, बिलासपुर का सबसे पुराना और प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। लगभग 200 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में 300 से ज्यादा लघु और मध्यम इकाइयाँ हैं - स्टील री-रोलिंग, फेब्रिकेशन, दाल-राइस मिल, प्लास्टिक मोल्डिंग, केमिकल, फर्नीचर और पैकेजिंग यूनिट्स। यह क्षेत्र बिलासपुर को रोजगार और राजस्व दोनों देता है। पर साथ ही अरपा नदी से इसकी नज़दीकी और शहर के बीचों-बीच होने के कारण इसकी पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी भी दोगुनी हो जाती है। **पर्यावरण दिवस 2026 की थीम** "हमारी भूमि, हमारा भविष्य" तिफरा के हर उद्यमी का सीधा संदेश है।

### तिफरा के सामने पर्यावरणीय चुनौतियाँ

तिफरा 1970 के दशक में बसा था। तब पर्यावरण मानक आज जैसे सख्त नहीं थे। अब हालात बदल गए हैं: सबसे बड़ी चुनौती है सामूहिक सोच। एक यूनिट सुधर भी जाए, तो बगल वाली से आने वाला प्रदूषण असर कम कर देता है।
**अवसर :** तिफरा को 'ग्रीन इंडस्ट्रियल पार्क' बनाना तिफरा की लोकेशन इसकी सबसे बड़ी ताकत है - रेलवे, एनएच-130 और शहर से जुड़ाव। अगर यहाँ हरित पहल हो, तो यह छत्तीसगढ़ के लिए मॉडल बन सकता है।

























## खबर संक्षेप

### गंडासा लहराकर डराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर कुदुदंड के पास से एक युवक को हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा धमका रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर गश्त के दौरान थाना प्रभारी को सूचना मिली की कुदुदंड निवासी मनीष दास मानिकपुरी 25 वर्ष पिता शत्रुहन दास हाथ में एक धारदार गंडासा लहराकर लोगों में दहशत फैला रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की लेकिन पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया पुलिस के मुस्तैद जवानों ने उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 13 इंच लंबा लोहे का धारदार गंडासा बरामद किया गया। हथियार रखने के सबंध में आरोपी मनीष कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### बस चालक की लापरवाही से बाइक सवार घायल

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अग्रसेन चौक पर एक तेज रफ्तार बस चालक की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो गया।डिपरापारा तिफरा निवासी एलआईसी एजेंट अशोक कुमार आदिले 43 वर्ष अपनी बाइक से पुराना बस स्टैंड रोड की ओर जा रहे थे। पीछे से आ रही बस के चालक ने बस को तेज गति में लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें ओवरटेक किया, इस दौरान बस की केबिन में रखा अक भारी-भरकम बैग सीधे बाइक सवार अशोक कुमार के ऊपर जा गिरा जिससे वो सड़क पर अनियंत्रित होकर गगिर गए। हादसे में सीने और कमर में गंभीर अंदरूनी चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों की मौजूदगी में इस घटना के बाद पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ भारतीय न्यायसंहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से मोबाइल लूटकर भागे बाइक सवार

**बिलासपुर।** दीनदयाल गार्डन के सामने बाइक सवार तीन युवक झपट्टा मारकर एक युवक से मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, व्यापार विहार सांई अपार्टमेंट निवासी सुरेन्द्र सिंग पिता स्व. दर्शन सिंग के पुत्र सचकिरत सिंग 13 मई 2026 को रात दीनदयाल गार्डन के पास मोबाइल में बात करते हुए पैदल घूम रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और एक युवक ने झपट्टा मारकर उनका 30 हजार का मोबाइल लूट लिया, उसके बाद तीनों युवक भाग गए। श्री सिंग काम से पंजाब गए थे। 3 जून को वे पंजाब से लौटने के बाद उन्होंने लूट की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवार लुटेरो को नहीं पकड़ पाई है।

### दो नाबालिगों पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में दो नाबालिगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। एक मामले में पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 3 जून को शाम 6.30 बजे क्षेत्र में रहने वाला एक 16 वर्षीय नाबालिग अपने दोस्त के साथ तालाब के पास खेलने गया था। इसी दौरान आर्शीवाद साहू चिंगराजपारा, अरूण सूर्यवंशी रपटा चौक निवासी नाबालिग को बुलाकर बोले तुम शराब पीने के लिए अपने पिता से पैसा मांगकर लाकर दो। नाबालिग ने पैसा मांगकर लाने से मना किया तो अरूण ने मारपीट की और आर्शीवाद साहू ने चाकू से नाबालिग पर हमला कर दिया। इसी तरह सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाला 16 वर्षीय छात्र 3 जून को सिरगिट्टी शराब दुकान के पास रात 10 बजे पहुंचे थे। इसी दौरान ईश्वर बजाज ने चाकू से नाबालिग के जांघ पर हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

---

**आम आदमी पार्टी प्रत्याशी की जमानत जब्त** | **कांग्रेस के गढ़ तारबाहर क्षेत्र को भेद नहीं पाई भाजपा**

# उपचुनाव में संजयनगर वार्ड से कांग्रेस ने बनाया जीत का रिकार्ड

**बिलासपुर।** नगर निगम उपचुनाव में पूरी ताकत लगाने के बाद भी भाजपा कांग्रेस के गढ़ तारबाहर क्षेत्र संजयनगर वार्ड 29 को भेद नहीं पाई है। कांग्रेस ने इस वार्ड में जीत का रिकार्ड बरकरार रखा है। यहां से कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी शेख मोहम्मद आजम ने 1062 वोटों के अंतर से भाजपा के मधुसूदन राव को पराजित किया है। वहीं तीसरे प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के साहिल खान की जमानत जब्त हो गई है।



नगर निगम उपचुनाव के तहत गुरुवार सुबह 9 बजे से बर्जेश स्कूल में मतगणना शुरू हुई। वार्ड नंबर 29 संजयनगर में केवल 8 बूथ थे इसलिए दो टेबलों में ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती हुई और घंटे भर में चुनाव के नतीजे भी आ गए। मतगणना स्थल पर वोटों की गिनती समाप्त होने के बाद नतीजे घोषित होते ही कांग्रेस के कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाने लगे और खुशी से झूम उठे। यहां से पार्षद पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी शेख मो. आजम को कुल 2339 वोट मिले, जबकि उनके प्रमुख प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव को महज 1277 वोट ही पड़े थे, जबकि आम आदमी पार्टी के साहिल खान को केवल 20 वोट मिले और वे अपना जमानत भी नहीं बचा पाए।

संजयनगर वार्ड में उपचुनाव के लिए 1 जून को मतदान हुआ था। इस वार्ड में कुल 5 हजार 255 मतदाता थे, जिनमें से 3 हजार 665 मतदाताओं ने चुनाव में वोटिंग किया था। इसमें 1827 पुरुष व 1837 महिला मतदाताओं ने वोटिंग की थी और 69.74 वोटिंग प्रतिशत रहा।

### नोटा से कम वोट मिला आप प्रत्याशी को

वार्ड नंबर 29 के उपचुनाव में भाजपा व कांग्रेस सहित आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना था। लेकिन प्रमुख मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा। आम पार्टी प्रत्याशी साहिल खान अपना जमानत भी नहीं बचा पाए, वहीं उन्हें इस चुनाव में नोटा से कम वोट मिला है। साहिल को 20 वोट मिलें हैं जबकि वार्ड के मतदाताओं ने साहिल से ज्यादा 29 वोट नोटा को डाले हैं।

### 40 सालों से कांग्रेस का गढ़ रहा तारबाहर

तारबाहर क्षेत्र स्थित यह वार्ड पिछले 40 साल से कांग्रेस का गढ़ रहा है। 1984 में नगर निगम गठन से लेकर अब तक यहां कांग्रेस के पार्षद जीतते आए हैं, क्योंकि इस वार्ड में मुस्लिम और ईसाई मतदाताओं की बाहुलता है। 1984 से 1999 तक शेख गफ्फार लगातार यहां से पार्षद रहे। 2र019 के चुनाव के दौरान शेख गफ्फार के निधन के बाद उपचुनाव में उनके छोटे भाई शेख असलम चुनाव जीतकर पार्षद बने थे। शेख असलम के निधन के बाद अब कांग्रेस के टिकट पर उनके पुत्र मो. आजम चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने कहा

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा का कहना है कि चुनाव को पूरी गंभीरता के साथ लड़ा गया। इसका नतीजा है कि कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि संजय नगर की जनता ने कांग्रेस को जिताकर भाजपा को आइना दिखाया। प्रमोद नायक ने कहा कि के तारबाहर की जनता ने स्व शेख गफ्फार के कार्यों पर अपनी मोहर लगाई। भाजपा का असली चेहरा इन परिणामों से उजागर हुआ। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि जनता ने इन परिणामों से सरकार की घोषणाओं और योजनाओं की पोल खोल दिए।

---

**साइकिल और कपड़े की दुकानों व गोदामों में आग लगने से लाखों का नुकसान**

# बुधवारी बाजार में भीषण आग, दो गोदाम, तीन दुकानें जलकर राख



बुधवार बाजार के दुकानों में लगी भीषण आग।

**बिलासपुर।** गुरुवार की रात रेलवे क्षेत्र स्थित बुधवारी बाजार की कपड़े और सायकिल दुकानों में भीषण आग लग गई। किनारे की एक दुकान में लगी आग तेजी से फैली और आसपास के गोदामों व अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। रात में आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

रेलवे क्षेत्र स्थित बुधवारी बाजार में छोटी छोटी सैकड़ों दुकानें हैं। यहां कपड़े, सायकिल से लेकर हर तरह की सामग्रियों की बिक्री होती है। बाजार इलाके में देर रात तक लोगों का आना जाना लगा रहता है। गुरुवार की रात यहां की एक सायकिल दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। दुकान में सायकिल के पार्ट्स और टायर होने से आग ने भीषण रूप ले लिया, सायकिल दुकान से आग बगल में स्थित कपड़ा दुकान तक पहुंच गई।

दुकानों से धुंआ निकलते देख लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, फायर ब्रिगेड के पहुंचते तक आग फैल गई और इसने दो गोदामों व अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। एक के बाद दूसरी दुकान में आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घबराए व्यापारी अपनी अपनी दुकान का सामान खाली करने लगे। आसपास के व्यापारी व अन्य लोग पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। देर रात तक बाजार में आग फैलती रही। दमकलकर्मी पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे।



दुकान के अंदर से निकल रहा धुंआ।

### एक दमकल बिगड़ गई

आग लगने के बाद सूचना देने के बाद भी दमकल मौके पर नहीं पहुंची। काफी देर बाद दमकल पहुंची, तब तक आग फैल चुकी थी। विडंबना यह रही कि मौके पर एक दमकल बिगड़ गई, उससे धू धूकर जल रही दुकानों में पानी नहीं डाला जा सका। दूसरी दमकल के सहारे आग बुझाने का प्रयास किया गया, परन्तु पानी समाप्त होने से वह दमकल पानी लेने चली गई। देर रात कुछ और दमकलों की व्यवस्था कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया, लेकिन आग तेजी से फैलती ही रही।

### लाखों का सामान जला

बुधवारी बाजार की सायकिल और कपड़ा दुकानों में आग लगने से हड़कंप मचा रहा। सभी व्यापारी देर रात बाजार में एकत्रित हो गए और जलने वाली दुकानों की आग बुझवाने और अपनी दुकान बचाने का प्रयास करने लगे। आग लगने से दुकानों को हुए नुकसान की पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन बताया जा रहा है कि इससे व्यापारियों का लाखों रुपए का सामान जल गया है।

---




कंपोजिस्ट बिल्डिंग परिसर में धराशायी हुआ पीपल पेड़ की डंगाल।

# बिजली के तार पर गिरी डगाल धमाके के साथ उड़ा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में तार पर पीपल की डगाल गिरने से कलेक्टोरेट के सामने स्थित ट्रांसफार्मर तेज धमाके के साथ ब्लॉस्ट हो गया। ब्लॉस्ट होते ही ट्रांसफार्मर से तेज चिंगारियां निकलने लगीं व पूरा क्षेत्र धुआं-धुआं हो गया था। इस दौरान पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित होने वाले सभी विभागों में बिजली सप्लाई ठप हो गई।

गुरूवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे कलेक्टोरेट गेट के ठीक सामने टाऊन हॉल परिसर में स्थित ट्रांसफार्मर से तेज आवाज के साथ चिंगारियां निकलने लगीं। कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र धुंआ-धंआं हो गया था। पूरे क्षेत्र की बिजली बंद हो गई। कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में रजिस्ट्री ऑफिस के पास जाकर देखने पर पता चला कि परिसर में स्थित पीपल पेड़ से एक डगाल बिजली के तार पर गिर गई है। इसी के कारण तार पर हुए शार्ट सर्किट के कारण ट्रांसफार्मर ब्लॉस्ट हुआ व बिजली बंद हो गई। तार पर डगाल इतनी तेज गति से गिरी कि कंपोजिट बिल्डिंग पर गाड़ा गया लोहे का बिजली खंभा टेढ़ा हो गया था। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा आनन फानन में पेड़ की डगाल काटकर सुधार कार्य प्रारंभ किया गया।



सुधार कार्य में जुटे बिजली विभाग के कर्मचारी।

### सीएम की समीक्षा बैठक हड़बड़ाए अधिकारी

कलेक्टोरेट में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इसके लिए सारे जिला अधिकारी अपने-अपने विभागों में बैठकर समीक्षा बैठक की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच ट्रांसफार्मर उड़ने के कारण विभागों में बिजली बंद हो गई, जिससे सबका काम बाधित हो गया। ज्ञात हो कि कंपोजिट बिल्डिंग में लगभग तैंतीस कार्यालय संचालित होते हैं, जिनमें 90 प्रतिशत कार्यालयों में इनवर्टर नहीं लगा है। ऐसे में उनकी तैयारी प्रभावित होने लगी थी।

### कुछ मिनट में पहुंच गए बिजली कर्मी

कलेक्टोरेट में सीएम की समीक्षा बैठक से पहले ट्रांसफार्मर ब्लॉस्ट होने से बिजली बंद होने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के उच्चाधिकारी तत्काल हरकत में आ गए व कुछ मिनटों में ही सुधार अमला मौके पर पहुंच गया। कुछ कर्मचारी तत्काल कंपोजिट बिल्डिंग परिसर में तार पर गिरी पीपल की डगाल की कटाई में जुट गए, वहीं कुछ ट्रांसफार्मर बदली करने में लगे रहे।

---

## खनिज का अवैध परिवहन : 2 हाइवा 3 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**बिलासपुर।** खनिजों के अवैध परिवहन पर 2 हाइवा और 3 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है।



कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक के मार्गदर्शन मे जिला में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। 2 जून से 4 जून तक खनिज अमला बिलासपुर द्वारा तेंदुआ, कोटा, चोरभट्टी, कच्छार, लोफन्दी, सेंदरी, निरतु, कोनी, मंगला, हिर्री क्षेत्र की जांच की गई। इस दौरान कोटा क्षेत्र में खनिज गिट्टी का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया। वहीं मंगला, शुभम विहार क्षेत्र में खनिज रेत का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जब्त किया गया।



कोनी क्षेत्र में खनिज रेत का परिवहन करते 1 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। हिर्री क्षेत्र में खनिज साधारण पत्थर का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन को जब्त किया गया। इस प्रकार जब्त कुल 5 वाहनों को पुलिस थाना कोनी, कोटा, हिर्री एवं सकरी के अभिरक्षा में रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग,राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की लगातार कार्रवाई जारी है।

---

# सड़कों पर बेलगाम ई रिक्शा, नियम ताक पर

**बिलासपुर।** शहर में जाम का मुख्य कारण ई-रिक्शा बन रहे हैं। इन पर अंकुश लगाना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। ज्यादातर चालक नौसिखिया हैं, जिन्हें यातायात नियमों की जानकारी तक नहीं है, इसके बाजवूद बेधड़क सड़कों पर ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। खास बात यह है कि ना तो यातायात विभाग और ना ही परिवहन विभाग ऐसे चालकों पर कार्रवाई कर पा रहा है, जिससे रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं।

शहर में ढाई हजार से अधिक ई-रिक्शा बेलगाम दौड़ रहे हैं, जाम की बड़ी वजह बनते इन ई रिक्शा पर कोई नियम कानून लागू नहीं है। प्रशासन ने कई बार इन पर लगाम लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई खास असर नहीं हुआ। यातायात विभाग की सख्ती नहीं होने के कारण इनके कारण अन्य वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

परिवहन निगम के आंकड़ों के अनुसार दो साल के भीतर 2 हजार 438 ई-रिक्शा की बिक्री हो चुकी है, लेकिन इन ई रिक्शा के चालकों के पास ना तो ड्राइविंग लाइसेंस है और ना ही नियमों की जानकारी है। जिसके चलते मनमाने तरीके से वाहन चलाकर लोगों को चोटिल कर रहे हैं। वहीं ई रिक्शा चलाने वाले ज्यादातर कम उम्र के लड़के हैं, जिनका लाइसेंस तक नहीं बना है, इसके बावजूद यातायात विभाग कार्रवाई नहीं कर सका है।

### की जाएगी कार्रवाई

ई-रिक्शा चालकों को भी लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इस संबंध में कई बार कार्रवाई की जाती है, लेकिन लंबे समय से कार्रवाई बंद है, जल्द ही इसपर कार्रवाई की जाएगी।
**-असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

## सेना भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**बिलासपुर।** भारतीय सेना ने भर्ती साल 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर समेत 5 शहरों में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित होगी।

---

# नाबालिगों का अपहरण: फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

70 लाख के जेवर चोरी के मामले में नाबालिगों का अपहरण कर वसूली के लिए डराने धमकाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया कि पूर्व में आसमां सिटी निवासी सतीश मिश्रा के घर से 70 लाख रुपए के सोने के गहने चोरी हो गए थे। उन्होंने अपने बेटे से पूछताछ की तो उसने अपने नाबालिग दोस्तों के कहने पर जेवर चोरी कर उनको बेचने के लिए देना बताया। पहले सतीश मिश्रा ने बच्चों पर जेवर लौटाने के लिए दबाव बनाया। बात नहीं बनने पर अपने साथियों को फर्जी क्राइम ब्रांच बनाकर डराया धमकाया। नहीं मानने पर उसने नाबालिगों को जबरदस्ती चार पहिया वाहन में बैठाकर पुलिस लाइन लाकर कार्रवाई करने का भय दिखाया, उसके नेहरू चौक में नाबालिगों को छोड़ दिया था।

4 जून को उक्त मामले में फरार आरोपी कोटा नेवरा निवासी विनय साहू पिता स्व. दशरथ साहू 30 साल को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी सतीश मिश्रा आसमा सिटी, आशीष शर्मा अभिषेकनगर मंगला, प्रभात ठाकुर बंधवापारा सरकण्डा, योगेश पाण्डेय शारदा विहार उसलासपुर निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# ड्रग विभाग ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** ड्रग विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक के नेतृत्व में दो टीमों ने कॉस्मेटिक फर्म्स व दवा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह ,औषधि निरीक्षक सुनील पंडा, सुमन लता कंवर, आशीष पांडे एवं अश्विनी कुमार ने तेलीपारा, देवकीनंदन चौक, बृहस्पति चौक, प्रताप चौक, हैप्पी स्ट्रीट क्षेत्र में 10 कॉस्मेटिक फर्म्स का निरीक्षण किया गया । सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान कॉस्मेटिक प्रोडक्ट के क्रय विक्रय दस्तावेजों की जांच की गई , भंडारण उचित तापमान में करने के लिए आदेशित किया गया साथ ही कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को बिल के साथ ही खरीदी बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152